# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

## आर.एन.टी. मार्ग, इन्दौर–452001

## निविदा–प्रपत्र

अहस्तांतरणीय

विश्वविद्यालय में स्वर्ण तथा रजत पदक प्रदाय करने हेतु
ई–निविदा उपलब्ध कराना।

## स्वर्ण एवं रजत पदकों के निर्माण संबंधी विवरण एवं शर्तेः–

1. स्वर्ण (मढ़ित) पदक (हुकसहित)मूलतः चांदी का होकर उस पर स्वर्ण (गोल्ड) प्लेटिंग कराया जावेगा।
2. स्वर्ण पदक का डायमीटर (व्यास) 3.3 सेंटीमीटर रहेगा। उसमें 20 ग्राम चांदी रहेगी एवं उस पर गोल्ड प्लेटिंग कराया जावेगा। इसके लिए 24 कैरेट शुद्धता का 400 मिलीग्राम स्वर्ण प्रयुक्त किया जावेगा। पदक के शीर्ष पर एक हुक रहेगा।
3. रजत पदक का डायमीटर (व्यास) 3.3 सेंटीमीटर रहेगा। उसमें 20 ग्राम चांदी रहेगी। पदक के शीर्ष पर एक हुक रहेगा।
4. प्रत्येक पदक के एक ओर विश्वविद्यालय की मुद्रा तथा दूसरी ओर पदक का विवरण जैसे पदक का नाम, छात्र और उसके महाविद्यालय का नाम, परीक्षा आदि की सूचना विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार अंकित करनी होगी।
5. प्रत्येक पदक के साथ डिब्बी (प्रेजेन्टेशन बॉक्स) भी देना होगा। डिब्बी का नमूना कार्यालय में देखा जा सकता है। इसी नमूने के अनुसार डिब्बी भी देनी होगी। साथ में प्रत्येक प्रेजेन्टेशन के भीतर वाले हिस्से में पदक के निर्माण में प्रयुक्त की गई सामग्री एवं उसके आकार तथा वजन का विवरण भी देना होगा।
6. निविदाकार की निविदा प्रतिभुति क्रय/उपार्जन की जाने वाली का अनुमानित मूल्य लगभग 20,000/– रू. का डी.डी. कुलसचिव देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के नाम से जमा कराना होगा। यह डिमाण्ड ड्राफ्ट/मियादी जमा रसीद पदकों के प्रदाय के पश्चात् वापसी योग्य होगा।
7. यदि पदक निर्धारित विवरण के अनुसार नहीं किये गये तो उन्हें स्वीकार नहीं किया जावेगा।
8. किसी भी निविदा को पूर्ण रूप से या उसके हिस्से को बिना कारण बताए स्वीकार करने का अधिकार कुलसचिव के पास सुरक्षित है।
9. सभी पदकों का प्रदाय आदेश देने की तिथि से 07 दिनों के भीतर करना होगा, अन्यथा रूपये 2000/– प्रतिदिन विलम्ब स्वरूप देयक में से कटौत्री की जाएगी।
10. सफल निविदाकार देयक दो प्रतियों में प्रस्तुत करेंगे। देयक प्राप्ति के पश्चात् जी.एस.टी. एवं समस्त कर सहित विश्वविद्यालय द्वारा अंकेक्षण के उपरान्त भुगतान किया जाएगा।
11. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22.08.2024 समय अपरान्ह 4.30 बजे है। तकनीकी बीड खोलने की दिनांक 23.08.2024 समय 5.30 बजे रहेगा।
12. निविदाकारों को लाइसेंस हॉलमार्क का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र भी निविदा के साथ भारत सरकार की प्रमाणिक संस्थान का मानक प्रमाण पत्र अनिवार्य प्रस्तुत करना होगा।
13. किसी भी वाद की स्थिति में न्याय का क्षेत्राधिकार देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर रहेगा।

On Line Tender Notice are invited under two bid system (Technical and Financial) for Gold And Silver Medal atDevi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore. The tender document can be downloaded on payment of Rs. 2000/- (Rs. Two thousand only) at http://www.mpeproc.gov.in (main portal). The formats of Technical and financial bid, declaration, eligibility of tenderer and terms & conditions, are given in tender document and the same are available at http://www.in (main portal) and can be seen at DAVV website www.dauniv.ac.in.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name | |
| 2 | Uploading/ Publication of Tender Document | 14-08-2024 |
| 3 | Downloading of Tender Document through website http://www.mptenders.gov.in | 14-08-2024 |
| 4 | Seek clarification start Date | 16-08-2024 |
| 5 | Seek clarification end Date | 20-08-2024 |
| 6 | Last date of bid submission | 22-08-2024 Time 4.30 pm |
| 7 | Technical bid opening date | 23.08.2024 Time 5.30 pm |
| 8 | Bid Security/Earnest Money Deposit(EMD) | INR 20,000/- |
| 9 | Tender Fee | INR 2000/- |

The online Technical Bid will be opened by the committee constituted for this purpose The financial bids of technically qualified tenderers will only be opened after technical evaluation by the technical committee. In presence of the tenderers or authorized representatives interested to be present on prescribed Date. The tenderers should bring ID proofs and representatives should bring the authorization letter from their authorized signatory for attending the process of tender opening.

NOTE: Amendment etc. in Tender will be published &uploaded at DAVV's website www.dauniv.ac.in.Registrar,DAVV.

अ. निविदा की विशेष शर्ते :-

1. यह आवश्यक होगा कि निविदाकार कार्य की प्रकृति के परिप्रेक्ष्य में केन्द्र/राज्य शासन के प्रचलित विभिन्न नियम/एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध हो और यह दायित्व पूर्णतः निविदाकार का होगा।
2. निविदा के साथ अमानत राशि रु. 20,000/-(बीस हजार मात्र) ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है।
3. मध्यप्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु उद्यम तथा स्टार्टअप को निविदा की प्रतिभूति (Earnes Money Deposit)के भूगतान से छूट रहेगी।
4. किसी भी **निविदाकार द्वारा प्रस्तुत सशर्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगी** तथा प्रथम दृष्टया निरस्त की जावेगी।
5. इस अनुबंध के तहत अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में कुलपति, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर आर्बिटेटर होंगे तथा उनके द्वारा लिए गए निर्णय एजेंसी को मान्य एवं बंधनकारी होगा।
6. सभी प्रकरणों में न्यायालयीन क्षेत्राधिकार के लिये सक्षम न्यायालय इन्दौर होगा।
7. निविदाकार को किसी शासकीय/अर्द्ध शासकीय विभाग में किसी भी कारण से ब्लैक लिस्ट न किया गया हो। इस बाबत् घोषणा पत्र/शपथ पत्र निविदा के साथ लगाना अनिवार्य होगा।
8. आवेदन की प्रत्येक प्रविष्टिपूर्ण एवं स्पष्ट लिपि में पठनीय होना आवश्यक है। दरें शब्दों एवं अंको दोनों में अंकित करना अनिवार्य होगा, दरों में किसी भी प्रकार का अंतर मान्य नहीं होगा।शब्दों एवं अंको में भ्रांति की स्थिति में न्यूनतम दर ही मान्य होगी।
9. निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रप्त्र, दस्तावेजो इत्यादि का संबंधित फर्म से सत्यापन विश्वविद्यालय द्वारा कराया जा सकता है तथा जानकारी असत्य पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

ब. देयकों के भुगतान संबंधी प्रक्रिया :-

1. फर्म द्वारा देयक प्रस्तुत करने पर स्वीकृति प्राप्त कर अंकेक्षण से पारित होने के उपरांत भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
2. यदि बिल प्रस्तुतीकरण में संबंधित फर्म द्वारा विलंब किया जाता है तो उसका उत्तरदायित्व संबंधित फर्म का होगा।
3. एजेंसी को देयक का भुगतान अंकेक्षण के पश्चात् चेक द्वारा अथवा ऑन लाईन किया जावेगा तथा नियमानुसार आयकर एवं अन्य करों का स्त्रोत पर कटोत्रा किया जावेगा ।

स. दण्ड/अनुबंध निरस्तीकरण :-

1. फर्म द्वारा कर्तव्यों की अवेहलना के परिणाम स्वरूप विश्वविद्यालय को कोई भी प्रत्यक्ष हानि होती है तो कुलसचिव गुण-दोष के आधार पर आवश्यकतानुसार वित्तीय दण्ड अधिरोपित कर सकेंगे। इस हेतु फर्म को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का समुचित अवसर दिया जावेगा।

2. यदि चयनित निविदाकार द्वारा उल्लेखित प्रावधानों का पालन नहीं करने के फलस्वरूप विश्वविद्यालय पर कोई वित्तिय दायित्व, सक्षम अधिकारी द्वारा अधिरोपित किया जाता है तो वह राशि चयनित निविदाकार के लम्बित देयक/सुरक्षा निधि/फरफारमेंस ग्यारंटी मे से काटी जा सकेगी तथा उल्लेखित मदों मे उपलब्ध राशि विश्वविद्यालय के दायित्व से कम होने की स्थिति में अंतर की राशि के भुगतान की वैधानिक जिम्मेदारी चयनित निविदाकार की होगी।

3. यदि एक से अधिक निविदाकार द्वारा समान दर प्रस्तुत की जाती है तो विश्वविद्यालय प्राधिकारी स्वविवेक से निविदाकार के तकनीकी गुणवत्ता एवं समान प्रकार की फर्मो के कार्य अनुभवों के आधार पर किसी एक निविदाकार को चयनित कर सकेगा।

**द. आवेदन–पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों का विवरण (तकनीकी बीड) :–**

1. सफल निविदाकार को संविदा मूल्य का 3 प्रतिशत निष्पादन प्रतिभूति की अमानत राशि ऑनलाइन देय होगा।
2. निष्पादन प्रतिभूति, वारंटी बाध्यताओं सहित आपूर्तिकर्ता की सभी संविदाकृत बाध्यताओं के पूरा होने की तारीख के बाद साठ दिन की अवधि तक के लिए वैध होना आवश्यक होगा।
3. निष्पादन प्रतिभूति प्राप्त होने पर सफल निविदा प्रतिभूति लौटाई/समायोजित की जाएगी।
4. GEMपोर्टल पर निविदा द्वारा क्रय की दशा में निष्पादन प्रतिभूति (Performance Gurantee) जेम के प्रचलित प्रावधान अनुसार स्वीकार की जाएगी।
5. निविदाकार के स्वामित्व संबंधी प्रमाण का अभिलेख (जैसे फर्म पंजीयन, कंपनी का मेमोरेंडम, incorporation certificate, इत्यादि)
6. अनुभव के प्रमाण हेतु संबंधित कार्यालय द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की प्रति।
7. फर्म का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र।

**कुलसचिव**

**देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,इंदौर**

प्रपत्र—एक

## तकनीकी प्रस्ताव

निविदाकार की विवरणी

1. सुरक्षा एजेंसी / फर्म का नाम एवं प्रकार :— ..........................................

2. एजेंसी / फर्म का पूरा पता :— ..........................................

..........................................

3. एजेंसी / फर्म का फोन नंबर :— फोन नंबर ..........................................

मोबाईल नंबर

मोबाईल नंबर ..........................................

4. फर्म का पंजीयन क्र.एवं दिनांक:— ..........................................

5. GST विभाग का पंजीयन / GST क्र. दिनांक..........................................

7. फर्म का वार्षिक टर्न ओवर ..........................................

8.क्या फर्म को कभी शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था द्वारा ब्लेक लिस्ट किया गया है। ..........................................

9. अमानत राशि एफ.डी.आर. / डी.डी. का बैंक का नाम,क्रमांक, दिनांक ..........................................

10. निविदाकार या एजेंसी के अधिकृत ..........................................

अधिकारी का नाम, पता, फोन नं. ..........................................

मोबाइल नं. ..........................................

11. अन्य आवश्यक जानकारी ..........................................

उपरोक्तानुसार मेरे द्वारा प्रस्तुत किया गया विवरण अभिलेखीय आधार पर पूर्णतः सत्य है। यदि उपरोक्त प्रस्तुत जानकारी में कोई असत्यता किसी स्तर पर पाई जाती है तो मेरी निविदा निरस्त करने तथा वैधानिक कार्यवाही करने का कुलसचिव, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर को पूर्ण अधिकार होगा।

हस्ताक्षर

स्थान —

दिनांक — (निविदाकार / फर्म के अधिकृत प्रो.)

नाम ..........................................

नोट :— स्थान कम पड़ने की स्थिति में उपरोक्त जानकारियों हेतु पृथक से प्रपत्र संलग्न किया जा सकता है।

## शपथ पत्र का प्रारूप

(नोटरी द्वारा प्रमाणित)

1. मैं ...................................... पिता ........................................ उम्र ........ निवासी ........................ निम्नानुसार शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि ...................................................... (फर्म का नाम) का अधिकृत प्रतिनिधि हूं तथा फर्म की ओर से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर द्वारा आमंत्रित निविदा ...................................... (निविदा का नाम) दिनांक ................. के संबंध मे निविदा प्रस्तुती एवं अन्य सभी संबधित कार्य हेतु अधिकृत हूं।

2 मैं प्रमाणित करता हूँ कि मेरे द्वारा निविदा के साथ प्रस्तुत समस्त अभिलेख एवं जानकारी पूर्णतः सत्य है। यदि प्रस्तुत जानकारी में कोई असत्यता किसी भी स्तर पर पाई जाती है तो फर्म के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का कुलसचिव, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर को पूर्ण अधिकार होगा।

3 मेरी फर्म को किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग में किसी भी कारण से ब्लेकलिस्ट नही किया गया है।

4 मेरे द्वारा निविदा की समस्त शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया जाकर समझ लिया गया है तथा मैं सभी शर्तों के पालन हेतु फर्म की ओर से सहमति देता हूं।

5 इस निविदा के संबंध में कुलसचिव, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर द्वारा लिया गया निर्णय मान्य तथा बंधनकारी होगा।

दिनांक ..................

(शपथकर्ता)

मैं .................................. सत्य निष्ठापूर्वक प्रमाणित करता हूँ कि ऊपर बिन्दु 1 से लगायत 5 तक की समस्त जानकारी फर्म के अभिलेखों के आधार पर सही है।

(शपथकर्ता)